समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# पूरब से पश्चिम तक मानसून ने पकड़ी रफ्तार, यूपी के इन जिलों मे भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट।

Publisher Published on 25 Jun 2025



## सहारनपुर, रामपुर, मुरादाबाद और बिजनौर मे ऑरेंज अलर्ट, तराई से बुंदेलखंड तक भारी बारिश के आसार।

**उत्तर प्रदेश मानसून अपडेट : उत्तर प्रदेश** में मानसून ने अब पूरे राज्य में अपनी रफ्तार पकड़ ली है। पूरब से लेकर पश्चिम तक झमाझम बारिश का सिलसिला जारी है। **25 जून 2025** को भी राज्य के कई हिस्सों में **भारी बारिश का अलर्ट** जारी किया गया है। **मौसम विभाग** ने खासतौर पर **सहारनपुर, बिजनौर, रामपुर** और **मुरादाबाद** में **ऑरेंज अलर्ट** जारी किया है।

**कहां-कहां जारी है बारिश का अलर्ट ?**
ऑरेंज अलर्ट वाले जिले:
**सहारनपुर, रामपुर, बिजनौर, मुरादाबाद, यहां मेघगर्जन, आकाशीय बिजली और भारी बारिश** की चेतावनी दी गई है।

**येलो अलर्ट वाले जिले :**
**मेरठ, मुजफ्फरनगर, बरेली, आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, इटावा, झांसी, प्रयागराज, मिर्जापुर, वाराणसी, सोनभद्र, चंदौली,** समेत 50+ जिले

इन जिलों में भी गरज-चमक के साथ तेज बारिश हो सकती है। आकाशीय बिजली गिरने की भी संभावना है।

**कब तक चलेगा बारिश का दौर ?**
मौसम विभाग के अनुसार:

१. **26 जून से मानसून और भी जोर पकड़ेगा।**

२. **30 जून तक प्रदेशभर मे लगातार बारिश का सिलसिला बना रहेगा।**

३. **तापमान मे अंत्यधिक गिरावट तो नहीं, लेकिन न्यूनतम और अधिकतम तापमान स्थिर रहेगा।**

४. **फतेहगढ़ मे आंज सबसे ज्यादा तापमान 38.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि बस्ती, अलीगढ़, लखीमपुर खीरी और बुलंदशहर सबसे गर्म जिले महसूस हुए।**

**बिजली गिरने की संभावना : रहे संतर्क**

प्रदेश के 60 से ज्यादा जिलों में आकाशीय बिजली गिरने का खतरा बताया गया है। प्रशासन ने नागरिकों से खुले स्थानों में मोबाइल का प्रयोग ना करने, पेड़ के नीचे खड़े ना होने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.